# सेंट उर्सुला गर्ल्स हायस्कूल अण्ड जुनिअर कॉलेज, नागपूर

**व्दितीय सत्र परीक्षा 2020**

**विषय – हिंदी**

**समय – 2.00 घंटे** **वर्ग – VI (C)** **गुण – 40**

---

**प्र. 1 ला) निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियॉ कीजिए।**

एक घड़ा मिट्टी का बना था, दूसरा पीतल का। दोनों नदी के किनारे रखे थे। अचानक नदी में बाढ़ आ गई और बहाव में दोनों घड़े बहते चले गए। बहुत समय तक मिट्टी के घड़े ने अपने आप को पीतलवाले घड़े से काफी फासले पर रखना चाहा।


पीतलवाले घड़े ने कहा, ''तुम डरो नहीं दोस्त, मैं तुम्हें धक्के नहीं लगाऊँगा।''

मिट्टीवाले घड़े ने जवाब दिया, ''तुम जानबूझकर मुझे धक्के नहीं लगाओगे, सही है; मगर तेज बहाव के कारण हम दोनों जरूर टकराएँगे। अगर ऐसा हुआ तो तुम्हारे लाख बचाने पर भी मैं तुम्हारे धक्कों से नहीं बच सकूँगा और मेरे टुकड़े-टुकड़े हो जाएँगे। इसलिए अच्छा यही है कि हम दोनों अलग-अलग रहें।''

जिससे तुम्हारा नुकसान हो रहा हो, उससे अलग ही रहना अच्छा है। चाहे वह उस समय के लिए तुम्हारा दोस्त ही क्यों न हो।

**1) संजाल पूर्ण कीजिए:** **(2)**

1)




**2) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे:**

1) ''तुम डरो नही दोस्त मै तुम्हे धक्के नही लगाऊगॉ।''

2) ''तुम जानबुझकर मुझे धक्के नही लगाओगे।''

**2. निम्न प्रश्नो के उत्तर लिखिए:** **(2)**

1) दोनो घडे कहा रखे थे ?

2) नदी मे क्या आयी हुई थी ?

**3. शब्द संपदा** **(2)**

1. निम्नलिखित शब्दो के समानार्थी शब्द लिखिए:

1) नदी = ------ 2) अचानक = ------

**2. निम्नलिखित शब्दो के विलोमार्थक शब्द लिखिए:**


1) अच्छा X ------ 2) दोस्त X ---------

**4. स्वमत**

घडे के बारे मे अपने विचार लिखिए:

**प्र आ निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए!**

तुमने दंतकथाओं में वीरों की शूरता के बहुत से किस्से सुने होंगे । हमारी सुरक्षा के लिए प्राणों का बलिदान करनेवाले सैनिक आज भी हमारे देश में हैं । इस वीरता के लिए उन्हें पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाता है । भारतीय सेना का सर्वोच्च अलंकरण 'परमवीर चक्र' है । दुश्मन के साथ जूझते हुए जो सैनिक उच्च कोटि की वीरता एवं त्याग दिखाते हैं, उन्हें 'परमवीर चक्र' प्रदान करके उनकी वीरता को नमन किया जाता है । थलसेना, जलसेना और वायुसेना इन तीनों दलों के सैनिक और अधिकारी इस अलंकरण से अलंकृत होने का सौभाग्य प्राप्त कर सकते हैं । परमवीर चक्र अत्यंत दुर्लभ है जिसे आज तक केवल इक्कीस बार ही प्रदान किया गया है । उनमें से चौदह पुरस्कारार्थियों को मरणोपरांत यह पुरस्कार प्रदान किया गया है ।



**ऐसा माना जाता है कि इंद्रदेवता का वज्र अपराजेय शस्त्र है । तथापि वज्र को अजेय शस्त्र बनाने के पीछे दधीचि मुनि का सर्वोच्च त्याग है ।**

**1. निम्नलिखित रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिएः** **(1)**

1) तुमने दंत कथाओ मे वीरो की ----- के बहुत से किस्से सुने होगें।

2) प्राणो का बलिदान करने वाले ---- हमारे देश मे है।

**2. निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर लिखिएः** **(2)**

1) कौनसे सैनिक अधिकारी अलंकरण से अलंकृत किए जाते है?

2) भारतीय सेना का सर्वोच्च अलंकरण कौनसा है?

**3. शब्द संपदा** **(1)**

**1. शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखिए**

1) कम दिखाई देनेवाला --

2) मरणोपरांत पुरस्कार --

**2. निम्नलिखित वाक्य मे विरामचिह्न लगाइएः** **(1)**

भारतीय सेना का सर्वोच्च अलंकरण परमवीर चक्र है परमवीर चक्र प्रदान करके उनकी विरता को नमन किया जाता है।

**4. स्वमत**

बाढ़ पिढ़ित की सहायता कैसे करोगे! अपने विचार लिखिएः **(2)**

**पद्य**

**प्र 2 रा निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिएः**

**मंदिर मस्जिद से मिलते हैं**
**मस्जिद से गुरुद्वारा ।**
**सचमुच ही पावन लगता है हिंदुस्तान हमारा ।।**


**उत्तर-दक्षिण-पूरब-पश्चिम**
**दूर-दूर तक नाता ।**
**भारत वाशी कहलाने में**
**हर कोई सुख पाता ।।**
**भाषा-धर्म-जाति कोई हो**
**किंतु एक स्वर धारा ।।**

मेल–जोल की महिमा हमने
धरती पर फैलाई ।
यहाँ शांति के आँगन में
बजती सुख की शहनाई ।
एक नींव पर खड़ा हुआ है
अपना भारत सारा ।।


बगिया के गुलाब की खुशबू
को मत बाँटो भाई ।
बाँट सको तो बाँटो भइया
मिलकर पीर पराई ।
भेदभाव के बिना
एकता का गूँजे इकतारा

**1. संजाल पूर्ण कीजिए:**

1)




2)




**2. निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर लिखिए:** **(2)**

1. हिंदूस्तान कब प्यारा लगता है ?
2. किसकी खुशबू नही बाटॅना है ?

**3. भावार्थ** **(2)**

पहली चार पंक्तियों का भावार्थ लिखिए:

**व्याकरण**

**प्र. 3 रा निम्नलिखित वाक्य मे संज्ञा के प्रकार लिखिए:** **(1)**

1) मै तुम्हारी ईमानदारी से प्रसन्न हूॅ।
2) बच्चे झूंड मे बैठे है।

**2. निम्नलिखित शब्दो के लिंग बदलकर लिखिए:** **(1)**

1) मोरनी 2) लड़का

**3. सर्वनाम शब्द पहचानकर लिखिए:** **(1)**

1) तुम अंदर आओ।
2) आप कहॉ गए थे ?

**4. निम्नलिखित शब्दो के वचन बदलकर लिखिए:** **(1)**

1) पुस्तक 2) कहानी

**5. निम्नलिखित वाक्य मे विशेषण के प्रकार लिखिए:** **(1)**

1) मेरे घर के सामने सुंदर बगीचा है।
2) चार लड़के दौड़ रहे है।

**6. निम्नलिखित सही क्रिया चुनकर वाक्य पूर्ण करीए:** **(1)**

1. लड़का ---- है।
(खेलती / खेलता)
2. तू चिंता न ---- ।
(कर / करो)

**7. तुकांत शब्दो की जोडियॉ मिलाइएः** **(1)**

छॉटेगे – काटेंगे

पाटेंगे – न्हाटेंगें

**8. निम्नलिखित मूहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइएः** **(1)**

1. हाथ बटाना

## उपयोजित लेखन

**प्र. 4 था निम्नलिखित मुद्दो के अनुसार कहानी लेखन कीजिएः** **(3)**

एक प्यासा कौआ –– कही पानी न मिलना – एक घड़े पर नजर पड़ना – घडे मे थोडा पानी – पानी तक चोच न पहुॅंचना – घड़े मे कंकड़ लाना – पानी ऊपर तक आना – पानी पीना – सीख।

**पत्रलेखन** **(3)**

1) प्रमि आने पर छोटी बहन को बधाई देते हुए पत्र लिखिएः

अथवा

खेल सामग्री मॅंगवाते हुए व्यवस्थापक, नवयुवक स्पोर्टस को पत्र लिखिए!

**प्र. निम्नलिखित किसी एक विषय पर 60 से 70 शब्दो मे निबंध लिखिए!** **(5)**

1) मेरा प्रिय खेल

2) वर्षाऋतु

***